हादसा

सब्जी बेचकर घर लौट रही थी, बाइक चालक भी घायल

# महिला को ट्रक ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

**अनूपपुर, नवभारत 21 सितंबर।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के बदरा तिराहा के पास रविवार रात सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई।

महिला बिजुरी में सब्जी बेचकर बाइक से अपने घर पसला लौट रही थी। हादसे में बाइक चालक भी घायल हुआ है। पुलिस के अनुसार पसला निवासी इन्द्रवती यादव (38) रविवार सुबह करीब 9 बजे सब्जी बेचने बिजुरी गई थीं। रात में सब्जी बेचकर वह मनोज राठौर की बाइक से वापस घर लौट रही थीं। इसी दौरान बदरा तिराहा के पास अनूपपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 65 जेडसी 8702 ने बाइक को टक्कर मार दी।



### अधिक रक्तस्राव के चलते हुई मौत

टक्कर इतनी जोरदार थी कि इन्द्रवती सड़क पर दूर जा गिरीं। उनके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और अधिक रक्तस्राव के चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चालक मनोज राठौर भी घायल हुआ, जिसका इलाज कोतमा में कराया गया।

### पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक को किया जब्त

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा की मर्चुरी में रखवाया। सोमवार को पंचनामा कार्रवाई और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करा दिया है। मामले में चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू कर दी गई है।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो महिलाएं घायल



कोतवाली थाना क्षेत्र में अमरकंटक तिराहा-जैतहरी मार्ग पर सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो महिलाएं घायल हो गईं। इनमें एक महिला को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। घटना के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। बताया गया कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे अमरकंटक तिराहा-जैतहरी मार्ग पर खेड़िया पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों महिलाएं सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। हादसे में मुन्नी बाई के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं, वहीं श्यामकली के चेहरे और हाथ की कोहनी में चोट आई है।



# भारी वाहन की चपेट में आए दो मवेशी

कार्रवाई की मांग को लेकर भाजपा का चकाजाम

**अनूपपुर, नवभारत 21 सितंबर।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह फ्लाई ऐश परिवहन कर रहे भारी वाहन की चपेट में आने से दो मवेशी घायल हो गए। हादसे में एक मवेशी का पैर कटकर अलग हो गया। घटना के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने केवई नदी पुल पर चक्काजाम कर धरना दिया और वाहन चालक तथा संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह केवई नदी पुल के पास सड़क पर मवेशी घूम रहे थे। इसी दौरान फ्लाई ऐश से भरे वाहन की चपेट में आने से दो मवेशी घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों मवेशी सड़क पर पड़े रहे। घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा मंडल पसान अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और विरोध जताते हुए सड़क पर धरना शुरू कर दिया।

### भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर रोक लगाने की मांग

प्रदर्शनकारियों ने फ्लाई ऐश परिवहन में लगे भारी वाहनों की तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग पर रोक लगाने, हादसे के जिम्मेदार चालक की पहचान कर कार्रवाई करने तथा घायल मवेशियों के उपचार और नियमानुसार मुआवजा दिलाने की मांग की। सूचना मिलने पर भालूमाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। पुलिस की कार्रवाई के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

# अतिथि शिक्षकों ने वादा खिलाफी का लगाया आरोप

जैतहरी ब्लॉक की बैठक में आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार

**अनूपपुर, नवभारत 21 सितंबर।** वर्षों से शिक्षा व्यवस्था में सेवाएं दे रहे अतिथि शिक्षकों का असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है। जैतहरी ब्लॉक के वेंकटनगर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बैठक में अतिथि शिक्षकों ने सरकार की नीतियों और लंबित मांगों को लेकर नाराजगी जताई।

शिक्षकों ने नियमितीकरण सहित अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ठोस नीति बनाए जाने की मांग की। बैठक में जिला अध्यक्ष मनलाल साहू ने कहा कि अतिथि शिक्षक लंबे समय से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनके भविष्य को लेकर अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। उन्होंने सरकार पर वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आगामी समय में अतिथि शिक्षक अपनी मांगों को लेकर आंदोलन तेज करेंगे।



### भविष्य की सुरक्षा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है

अतिथि शिक्षकों ने कहा कि वे पिछले करीब 15 वर्षों से शिक्षा व्यवस्था में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसके बावजूद रोजगार की स्थिरता और भविष्य की सुरक्षा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। शिक्षकों ने नियमितीकरण तथा सेवा के अनुभव को ध्यान में रखते हुए स्थायी नीति बनाए जाने की मांग की। जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामनरेश राठौर ने शिक्षकों से एकजुट होकर आगामी आंदोलन में भाग लेने का आह्वान किया।

### कॉपर वायर, वेल्डिंग मशीन चोरी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र से कॉपर वायरल, वैल्डिंग मशीन चोरी हो गई। पुलिस ने बताया कि अनिल ठाकुर 57 वर्ष निवासी करमेता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अग्रवाल पेट्रोल पम्प में मैनेजर के पद पर कार्यरत है उसे अग्रवाल बंधु पेट्रोल पम्प के मालिक राम नारायण अग्रवाल ने फोन कर बताया कि सुबह लगभग 11 बजे पेट्रोल पम्प पर पहुँचा देखा कि अग्रवाल बंधु पेट्रोल पम्प के पीछे खुले गौदाम में रखे जिसमें एल्यूमीनियम की पाईप, फिटिंग, वैल्डिंग मशीन का कॉपर का तार, लोहे का सामान, एंगल, फेंसिंग वायर, कुल कीमती लगभग 25 हजार रूपये का नहीं था कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

# मीरा मंदिर के पास हाई मास्ट लाइट लगाने की मांग

जनसुविधा वाले स्थान की अनदेखी पर उठे सवाल

**अनूपपुर, नवभारत 21 सितंबर।** नगर पालिका क्षेत्र के लहसुई कैंप स्थित वार्ड क्रमांक 13 में सार्वजनिक सुविधा और प्रकाश व्यवस्था को लेकर स्थानीय नागरिकों में असंतोष देखने को मिल रहा है। वार्ड के मीरा मंदिर के आसपास लंबे समय से पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण लोगों ने यहां हाई मास्ट लाइट लगाए जाने की मांग की है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार मीरा मंदिर क्षेत्र एक प्रमुख सार्वजनिक स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और



राहगीरों का आवागमन होता है। इसके बावजूद रात के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और पैदल आने-जाने वाले लोगों को अंधेरे में आवागमन करने में असुविधा होती है।

### अंधेरे के कारण सुरक्षा को लेकर चिंता

स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर के आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से रात के समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। साथ ही सुनसान और अंधेरे वाले हिस्सों में लोगों को सुरक्षा को लेकर भी चिंता रहती है। नागरिकों का मानना है कि यदि यहां हाई मास्ट लाइट स्थापित की जाती है तो आसपास के बड़े क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी उपलब्ध हो सकेगी और आमजन को राहत मिलेगी।

### लाइट के स्थान निर्धारण को लेकर नाराजगी

नागरिकों ने हाई मास्ट लाइट के स्थान निर्धारण को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि सार्वजनिक उपयोगिता और लोगों की आवश्यकता को प्राथमिकता देने के बजाय अन्य स्थानों पर लाइट लगाने की कवायद की जा रही है। नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक निधि से होने वाले विकास कार्यों का स्थान तय करते समय क्षेत्र की वास्तविक जरूरत, जनसंख्या और आम लोगों के आवागमन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## एक नजर में

### 2 किलो 345 ग्राम गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** बिजुरी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 345 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 25 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि ठाकुर बाबा धाम (लोहसरा) के पास बरगद के पेड़ के नीचे चबूतरे पर एक व्यक्ति काले बैग में गांजा लेकर बैठा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बबलू बेनिया बताया। तलाशी के दौरान उसके काले बैग से 2 किलो 345 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

### स्लीपर कोच से बैग चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जबलपुर।** जीआरपी जबलपुर ने चोरी के मामले में फरार आरोपी हर्ष खंगार (19), निवासी ग्राम रजवई, मझौली को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने करीब छह माह पूर्व कटनी से देवरी जाते समय कटनी-भुसावल पैसेंजर के स्लीपर कोच से बैग चोरी करना स्वीकार किया। बैग में टैबलेट, पावर बैंक, दो पेन ड्राइव, 8 हजार रुपये नकद, एटीएम कार्ड व कपड़े थे। आरोपी ने टैबलेट 4 हजार रुपये में बेच दिया था। उसकी निशानदेही पर करीब 3 हजार रुपये कीमत का शाओमी पावर बैंक और दो पेन ड्राइव बरामद किए गए। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत के मार्गदर्शन में प्र.आर. संतोष कुमार चौबे, सउनि नरेश चौधरी, आरक्षक भूपाल सिंह व प्र.आर. हरस्वरूप शर्मा की भूमिका रही।

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**जबलपुर।** ग्वारीघाट पुलिस ने शराब तस्कर को दबोचा है। जिसके कब्जे से 290 पाव देशी शराब जब्त की गई है। टीआई कन्हैया सिंह बघेल ने बताया कि पुरानी बस्ती में घेराबंदी कर उमेश पटेल पिता स्व. रामकिशन पटेल 63 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती झल्ला पटेल को दबोचा गया ।

# नशा मुक्त भारत अभियान 2 से होगा शुरू

**अनूपपुर, नवभारत 21 सितंबर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 197वीं जयंती के अवसर पर जिले में 2 से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह मनाया जाएगा। इसके तहत नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

अभियान की तैयारियों और कार्ययोजना को लेकर जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत के एसीईओ के.के. सोनी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अभियान की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

### अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

अधिकारियों को नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में ग्रामीण से लेकर नगरीय क्षेत्रों तक मैदानी स्तर पर जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया। अभियान के दौरान आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने बच्चों को बांटी घड़ियां

जमुनिया प्राथमिक विद्यालय के उन्नयन की उठाई मांग

**जमुना कोतमा नवभारत 21 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 21 सितंबर को हिंद कोयला मजदूर सभा जमुना-कोतमा क्षेत्र के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत शुक्ला ग्राम पंचायत जमुनिया स्थित शासकीय प्राथमिक पाठशाला पहुंचे। यहां उन्होंने स्कूली बच्चों को उपहार स्वरूप एचएमटी कंपनी की ब्रांडेड घड़ियां एवं मिष्ठान वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।



इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रीकांत शुक्ला ने विद्यालय की मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए शासन-प्रशासन से भवन की कमी दूर करने, पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने तथा प्राथमिक विद्यालय को पांचवीं से बढ़ाकर आठवीं कक्षा तक उन्नत करने की मांग की।

### मन लगाकर पढ़ाई करने की दी सलाह

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के इस विद्यालय में शत-प्रतिशत बच्चे आदिवासी एवं गरीब परिवारों से आते हैं। ऐसे में इन बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना शासन-प्रशासन और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों से शिक्षा के प्रति रुचि बनाए रखने, नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया।



# कचरा दान पात्र को ट्रैक्टर में लोड करने का फोटो सामने आया, जांच की मांग

**अनूपपुर, नवभारत।** नगर पालिका परिषद की स्वच्छता व्यवस्था के तहत नपा अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 5 में लगाए गए कचरा दान बकेट को हटाकर ट्रैक्टर में लोड किए जाने का फोटो सामने आने के बाद नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। मामला पुराने पोस्ट ऑफिस रोड स्थित सब्जी मंडी के पास का बताया जा रहा है।

सामने आए फोटो में दो व्यक्ति कचरा दान पात्र जैसी संरचना को उठाकर ट्रैक्टर में लोड करते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, उक्त स्थान पर नगर पालिका द्वारा कचरा संग्रहण के लिए कचरा दान लगाया गया था, जिसे बाद में वहां से हटा दिया गया।

### कचरा दान पात्र को हटाने का किसने दिया आदेश

हालांकि कचरा दान हटाने के संबंध में नगर पालिका की ओर से अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि इसे हटाने का आदेश किस अधिकारी ने दिया और हटाई गई सामग्री को कहां रखा गया है। स्थानीय नागरिकों ने मामले की जांच कर यह स्पष्ट करने की मांग की है कि कचरा दान नगर पालिका की संपत्ति के रूप में दर्ज था या नहीं और उसे हटाने की कार्रवाई किस आदेश के तहत की गई।

### भौतिक सत्यापन कराने की मांग

नागरिकों ने वार्ड क्रमांक 5 के साथ नगर में लगाए गए अन्य कचरा दानों का भी भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है, ताकि नगर पालिका की सार्वजनिक संपत्ति की स्थिति स्पष्ट हो सके। मामले में किसी कर्मचारी या अधिकारी की जिम्मेदारी तय करने से पहले निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

# लंबित प्रकरणों का नियमित निराकरण करें : झा




**अनूपपुर, नवभारत 21 सितंबर।** कलेक्ट्रेट के नर्मदा सभागार में सोमवार को कलेक्टर रत्नाकर झा ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं और गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला पुनः ए ग्रेड में आया है। इस स्थिति को बनाए रखने के लिए लंबित शिकायतों का नियमित निराकरण किया जाए। 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए शिकायतकर्ताओं से चर्चा कर संतुष्टिपूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पंजीयन कार्य में तेजी लाने के निर्देश

कलेक्टर ने खरीफ उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिले के सभी पात्र किसानों का पंजीयन निर्धारित समय-सीमा में कराने को कहा। उन्होंने पंजीयन की नियमित निगरानी करने और किसानों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। 28 सितंबर को होने वाले बलराम कृषि महोत्सव की तैयारियां भी समय पर पूर्ण करने को कहा। कलेक्टर ने सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को हटाकर गौशालाओं में पहुंचाने के निर्देश दिए ताकि यातायात प्रभावित नहीं हो।



# देश के लिए किए गए योगदान को किया याद

दयाल पनिका की शहादत पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**बिजुरी, नवभारत 21 सितंबर।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं वीर शहीद दयाल पनिका की शहादत की स्मृति में रविवार 20 सितंबर को सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 13, कुरजा मार्ग बिजुरी में एक दिवसीय जिला स्तरीय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी पनिका विकास संगठन जिला इकाई अनूपपुर के तत्वावधान में किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पनिका समाज के पुरुष एवं महिलाएं, संगठन के पदाधिकारी, संरक्षक मंडल के सदस्य तथा समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वीर शहीद दयाल पनिका के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया तथा देश और समाज के लिए उनके योगदान को याद किया गया।

# पर्यूषण पर्व का समापन 28 सितंबर को होगा

**अमरकंटक, नवभारत।** अनूपपुर जिले के अमरकंटक स्थित दिगंबर जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र में पर्वराज दशलक्षण पर्यूषण पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। 16 सितंबर से शुरू हुआ पर्व 28 सितंबर को क्षमावाणी महोत्सव के साथ संपन्न होगा। पर्व के दौरान प्रतिदिन भगवान आदिनाथ की विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक, शांतिधारा और विभिन्न धार्मिक विधान किए जा रहे हैं। श्रद्धालु उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य सहित दस धर्म लक्षणों की आराधना कर रहे हैं। दिगंबर जैन समाज के देवेंद्र जैन चुन्नू एवं निधि जैन ने बताया कि 28 सितंबर को क्षमावाणी



महोत्सव एवं समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे अभिषेक, शांतिधारा एवं विधान, सुबह 10 बजे क्षमावाणी महोत्सव और 11 बजे वात्सल्य भोज होगा। दोपहर 12 बजे सर्वोदय तीर्थ परिसर से शोभायात्रा निकाली जाएगी।

बदहाली

गंदगी, सीलन, टूटी सड़कें और प्रकाश व्यवस्था के अभाव में परेशान हो रहे श्रद्धालु व पर्यटक

# विकास की पहचान वैतरणी बस स्टैंड बदहाली का शिकार

**अमरकंटक, नवभारत 21 सितंबर।** धार्मिक और पर्यटन नगरी का वैतरणी बस स्टैंड इन दिनों उपेक्षा और बदहाली का दंश झेल रहा है। कभी बेहतर यात्री सुविधाओं और सुव्यवस्थित निर्माण के लिए पहचान रखने वाला यह बस स्टैंड आज साफ-सफाई, रखरखाव और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अपनी चमक खोता जा रहा रहा है।

वैतरणी बस स्टैंड का निर्माण विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) द्वारा हुडको की आईडीएसएमटी योजना के अंतर्गत कराया गया था।



तत्कालीन साडा अध्यक्ष भोलानाथ राव तथा तत्कालीन केंद्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री दलबीर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका से निर्मित यह बस स्टैंड कभी रीवा संभाग की प्रमुख पहचान माना जाता था।

### जगह-जगह गंदगी और दुर्गंध

वर्तमान में परिसर में जगह-जगह गंदगी, दुर्गंध और पानी के रिसाव की समस्या बनी हुई है। निचले हिस्से में सीलन और काई जमने से यात्रियों को आवागमन में परेशानी होती है। बस स्टैंड की सड़कें भी कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हैं, जबकि खिड़कियों और रोशनदानों के कांच टूट जाने से वर्षा का पानी भवन के भीतर पहुंच जाता है।

### दुकानों की स्थिति भी चिंताजनक

बस स्टैंड के भीतर स्थित दुकानों की स्थिति भी चिंताजनक है। लंबे समय से देखरेख नहीं होने के कारण कई दुकानों के शटर जर्जर हो चुके हैं, टूट चुके है। परिसर में आवारा पशुओं की मौजूदगी भी यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रही है।

### पर्यटन महत्व को देखते हुए कायाकल्प की आवश्यकता

कभी विकास और दूरदर्शी सोच का प्रतीक रहा यह ऐतिहासिक बस स्टैंड आज अपने पुराने गौरव की पुर्नस्थापना की प्रतीक्षा कर रहा है। अमरकंटक की गरिमा और पर्यटन महत्व को देखते हुए इसके शीघ्र कायाकल्प की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस ओर शासन प्रशासन कब ध्यान देगा कहना मुश्किल है।